आपके इलाके में हाथी दिखने पर

क्या करें और क्या न करें

क्या करें

हाथी दिखने पर तुरंत अपनी रफ़्तार धीरे कर दें, उनसे सुरक्षित दूरी बनाकर रखें क्योंकि आपसे ख़तरा महसूस करने पर वे आक्रमण कर सकते हैं

अगर हाथी से आपकी जान, संपत्ति या फ़सल को ख़तरा है तो उन्हें भगाने के लिए ढोल बजाकर तेज़ आवाज़ करें

हाथी अगर रास्ते से जा रहे हैं तो अपना वाहन कुछ ही दूरी पर रोक दें और धीरे–धीरे उसे पीछे करके उन्हें जाने का रास्ता दें

अगर आप भोर और संध्याकाल में ऐसे इलाके से गुज़र रहे हैं जहां हाथी हो सकते हैं तो चौकन्ना रहें और अपना वाहन धीरे चलाएं

खेतों को हाथी के आक्रमण से बचाने के लिए उनके चारों ओर बाड़ के रूप में काटों वाली झाड़ियां लगा दें और खाई खोद दें

पेड़ों से पके हुए फल हटा दें क्योंकि हाथी इनकी ओर आकर्षित होते हैं

आपके घर के आसपास अगर हाथी आ गए है तो धीरे – धीरे घर के अंदर चले जाए और उन्हें वहां से जाने का मौका दें

इंसानी गतिविधि वाले इलाके में हाथी दिखने पर वन विभाग के हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करके इसकी सूचना दें



क्या न करें

हाथी के साथ सेल्फ़ी लेने या पास से उसकी तस्वीर लेने या उसे खाना खिलाने की कोशिश न करें

हाथी का पीछा न करें क्योंकि वह अपने बचाव में आप पर आक्रमण कर सकता है

हाई बीम लाइट का इस्तेमाल न करें। इंजन को बंद न करें क्योंकि हाथी अपने बचाव में आक्रमण करने के लिए आपकी ओर दौड़ सकता है और आपको गाड़ी पीछे ले जाने की जरूरत पड़ सकती है

संवेदनशील इलाकों के बारे में चेतावनी देने वाले संकेतों को गंभीरता से लें

खड़ी फ़सल को लावारिस छोड़कर न जाएं

किराने का सामान और राशन को घर के बाहर या मिट्टी के घर में न रखें। अनाज आदि को पक्के घर में रखें

रात में घर के आसपास अगर हाथी हों तो दरवाज़े न खोलें और घर से बाहर न निकलें

हमेशा वन विभाग द्वारा दिए गए हाथियों की गतिविधि संबंधी जानकारी अपने पास रखें और ऐसे इलाकों में न जाएं जहां हाथी मौजूद हों

भारत में मनुष्य–वन्य जीव संघर्ष शमन पर भारत–जर्मनी सहयोग
2017 – 2023
भारत में मनुष्य–वन्य जीव संघर्ष शमन
के संबंध में सामंजस्यपूर्ण सहास्तित्व पद्धति का क्रियान्वयन